षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्थ सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 मंगलवार, दिनांक- 29 नवम्बर, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वा० तक

प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष एवं सत्ता पक्ष के माननीय सदस्यगण एक साथ अपनी विभिन्न माँगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार वेल में आये हुए सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी बातों को अपनी-अपनी सीट पर जाकर कहें । ऐसे में किसी की बात नहीं सुनी जा सकती है । किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरांत

(12.00 बजे मध्या० से 12.02 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

आसन द्वारा बार-बार अपनी सीट पर जाने एवं शांति बनाये रखने का अनुरोध किया गया, किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 2.05 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[1] **विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक :-**

(i) **बिहार वित्त सेवा (चयन द्वारा नियुक्ति) (निरसन) विधेयक, 2016 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, वाणिज्यकर विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) **बिहार राज्य फुटपाथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं व्यापार विनियमन) (निरसन) विधेयक, 2016 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री महेश्वर हजारी द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खंड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री महेश्वर हजारी द्वारा स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[2] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 50 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

''इस दौरान सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न माँगों को लेकर वेल में आ गये और शोरगुल करने लगे ।''

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-29 नवम्बर, 2016

राम श्रेष्ठ राय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।